

Current Affairs

+

Important Static GK

कल का सवाल

Q. हाल ही में गोविन्द मोहन को किस पद पर नियुक्त किया गया है?

Answer: गृह सचिव

Current Affairs Revision

(23 August 2024)

Q. 1: हाल ही में अमेरिकी मैग्जीन ग्लोबल फाइनेंस ने लगातार दूसरे साल किसे विश्व स्तर पर शीर्ष केंद्रीय बैंकर का दर्जा दिया है? Who has been ranked as the top central banker globally by the American magazine Global Finance for the second consecutive year?

a. उर्जित पटेल

b. रघुराम राजन

c. शक्तिकांत दास

d. विमल जालान

Answer: c. शक्तिकांत दास

शक्तिकांत दास को इस साल भी 'A+' रेटिंग दी गई है। A+" रेटिंग पाने वाले तीन केंद्रीय बैंक गवर्नर RBI गवर्नर शक्तिकांत दास, डेनमार्क के क्रिश्चियन केटल थॉमसन और स्विट्जरलैंड के थॉमस जॉर्डन हैं

Q. 2: हाल ही में 700 मेगावाट के दूसरे स्वदेशी न्यूक्लियर रिएक्टर का ऑपरेशन शुरू हुआ है, यह रिएक्टर किस राज्य में स्थित है? Recently the operation of the second indigenous nuclear reactor of 700 MW has started, in which state is this reactor located?

a. राजस्थान

b. तमिलनाडु

c. गुजरात

d. महाराष्ट्र

Answer: c. गुजरात

700 मेगावाट के दूसरे स्वदेशी न्यूक्लियर रिएक्टर जिसका नाम काकरापर परमाणु उर्जा रिएक्टर है, उसका पूरी क्षमता से ऑपरेशन शुरू हो गया है।

KAPS-3 की पूरी क्षमता के साथ सुचारू संचालन के बाद अब KAPS-4 का भी पूरी क्षमता के साथ ऑपरेशन हो रहा है।

Q. 3: हाल ही में भारत का पहला सकल पर्यावरण उत्पाद (GEP) लॉन्च करने वाला राज्य कौन सा है? Which state recently launched India's first Gross Environmental Product (GEP)?

a. हिमाचल प्रदेश

b. उत्तर प्रदेश

c. उत्तराखंड

d. राजस्थान

Answer: c. उत्तराखंड

हाल ही में उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया है जिसने वायु, जल, वन और मिट्टी सहित अपने प्राकृतिक संसाधनों को मौद्रिक मूल्य प्रदान किया है और इसे (Gross Environment Product- GEP) नाम दिया है।

यह ग्रीन GDP का एक घटक है। इसे पारिस्थितिकी तंत्र (Ecosystem) में योगदान देने वाले उत्पादों और सेवाओं (Products and Services) के मूल्य के रूप में माना जाता है।

Q. 4: हाल ही में खेलो इंडिया अस्मिता योगासन लीग का आयोजन किस शहर में शुरू किया जाएगा? Recently, in which city will the Khelo India Asmita Yogasana League be organized?

a. लखनऊ

b. पटना

c. भोपाल

d. जयपुर

Answer: b. पटना

बिहार योगासन खेल परिसंघ पहली बार इस लीग की मेजबानी कर रहा है।

इस लीग में पूर्वी क्षेत्र के बारह राज्यों से पांच सौ महिला खिलाडी भाग ले रही हैं

Q. 5: हाल ही में अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ी का नाम क्या है? What is the name of the Indian player who recently won bronze medal in the Under-17 World Wrestling Championship?

a. मनोहर दत्त **b. दीपक पूनिया**

c. अमन सहरावत **d. रौनक दहिया**

Answer: d. रौनक दहिया

Q. 6: हाल ही में नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन करने वाला पहला भारतीय हवाई अड्डा कौन सा बना है? Which has recently become the first Indian airport to have net zero carbon emissions?

a. इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, दिल्ली

b. राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, हैदराबाद

c. केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, बेंगलुरु



d. छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, मुंबई

Answer: a. इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, दिल्ली

दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (IGIA) यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला भारतीय हवाई अड्डा है।

Q. 7: हाल ही में दुनिया की सबसे बुजुर्ग महिला, मारिया ब्रान्यास मोरेरा का निधन हुआ है, वह किस देश से संबंधित थीं? Recently the world's oldest woman, Maria Branyas Morera, has passed away, she belonged to which country?

a. इटली

b. फ्रांस

c. जापान

d. स्पेन

Answer: d. स्पेन

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स (GWR) के अनुसार उनका निधन 117 साल और 168 दिन की उम्र में हुआ।

Q. 8: हाल ही में जानिक सिनर और आर्यना सबलेंका ने क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में कौन सा खिताब जीता? Which title did Jannik Sinner and Aryna Sabalenka win in men's and women's category respectively recently?

a. मेड्रिड ओपन

b. मियामी ओपन

c. फ्रेंच ओपन

d. सिनसिनाटी ओपन

Answer: d. सिनसिनाटी ओपन

यह दोनों खिलाड़ी सिनसिनाटी ओपन में पहली बार चैंपियन बने।

Q. 9: हाल ही में चर्चा में रहा संयुक्त सैन्य अभ्यास "उलची फ्रीडम शील्ड 2024" किससे सम्बंधित है? Recently in news, what is the joint military exercise "Ulchi Freedom Shield 2024" related to?

a. भारत और जापान

b. यूएसए और दक्षिण कोरिया

c. रूस और चीन

d. फ्रांस और जर्मनी

Answer: b. यूएसए और दक्षिण कोरिया

अभ्यास का उद्देश्य अपनी संयुक्त रक्षा क्षमताओं को मजबूत करना है।

Q. 10: पेरिस पैरालंपिक 2024 के लिए भारतीय दल के शेफ डी मिशन के रूप में किसे नामित किया गया है? Who has been named as the Chef de Mission of the Indian contingent for Paris Paralympics 2024?

a. गगन नारंग

b. देवेन्द्र झाझारिया

c. सत्य प्रकाश सांगवान

d. विनोद सिंह

Answer: c. सत्य प्रकाश सांगवान

Q. 11: हाल ही मे पेंशन मामलों के निपटारे में देरी और त्रुटियों को दूर करने के लिए किस सॉफ्टवेयर को पेश किया गया है? Which software has been introduced recently to eliminate delays and errors in settlement of pension cases?

a. जीवन

b. संभावना

c. भविष्य

d. संकल्प

Answer: c. भविष्य

पेंशन मामलों के निपटारे में देरी और लिपिकीय त्रुटियों की समस्याओं के समाधान के साथ-साथ पेंशनभोगियों को वित्तीय नुकसान एवं उत्पीड़न से बचाने के लिए केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों/ विभागों के लिये 'भविष्य' नामक एक पेंशन प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर पेश किया है।

"भविष्य" सभी केंद्रीय मंत्रालयों के लिये अनिवार्य हो गया है और वर्तमान में 99 मंत्रालय/विभाग इसमें शामिल हैं।

Q. 12: सतारा जिले के किस गांव को महाराष्ट्र का पहला 'सोलर विलेज' घोषित किया गया है? Which village of Satara district has been declared as the first 'Solar Village' of Maharashtra?

a. पांडववाड़ी b. मन्याचीवाड़ी

c. करंजवाड़ी d. अकोला

Answer: b. मन्याचीवाड़ी

लक्ष्य - नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना और पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम करना है।

Q. 13: हर साल सद्भावना दिवस किसकी जयंती पर मनाया जाता है? On whose birth anniversary is Goodwill Day celebrated every year?

a. इंदिरा गांधी b. महात्मा गांधी

c. राजीव गांधी d. जवाहरलाल नेहरू



Answer: c. राजीव गांधी

भारत में हर साल 20 अगस्त को सद्भावना दिवस मनाया जाता है

यह दिन पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जन्म दिवस है

Q. 14: भारत और जापान के बीच टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता कहाँ आयोजित हुई? Where was the two plus two ministerial talks between India and Japan held?

a. टोक्यो

b. नई दिल्ली

c. क्योटो

d. मुंबई

Answer: b. नई दिल्ली

Current Affairs
(24 August 2024)

Q. 1: हाल ही में भारत के पहले विज्ञान रत्न अवॉर्ड से किसे सम्मानित किया गया है? Who has been recently honored with India's first Vigyan Ratna Award?

a. अन्नपूर्णा सुब्रमण्यन

b. गोविंदराजन पद्मनाभन

c. आनंदधर्मकृष्णन सी

d. प्रो. भीम सिंह

Answer: b. गोविंदराजन पद्मनाभन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हाल ही में 33 लोगों को राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार से सम्मानित किया।

बायोकेमिस्ट गोविंदाराजन पद्मनाभन को साइंस के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए विज्ञान रत्न अवॉर्ड मिला।

ISRO की चंद्रयान टीम को विज्ञान टीम अवॉर्ड से नवाजा गया।

पुरस्कार सेरेमनी में 18 युवा वैज्ञानिकों को 'विज्ञान युवा शांति स्वरूप भटनागर' अवॉर्ड दिया गया।

13 विजेताओं को 'विज्ञान श्री' अवॉर्ड मिले।

विज्ञान रत्न' साइंस एंड टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में उपलब्धियों और योगदान को मान्यता देने के लिए दिया गया।

केंद्र सरकार ने पद्म पुरुस्कार की तर्ज पर देश में विज्ञान अवॉर्ड की शुरुआत की है

इसमें विजेताओं को एक पदक और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है।

नेशनल साइंस अवॉर्ड में कैश नहीं दिया जाता है।

राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार में 4 तरह के पुरस्कार दिए जाते हैं:–

विज्ञान रत्न पुरस्कार

विज्ञान श्री पुरस्कार

विज्ञान टीम पुरस्कार और

विज्ञान युवा-शांति स्वरूप भटनागर।

विज्ञान रत्न पुरस्कार - विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जीवन भर उपलब्धियों और योगदान के लिए

विज्ञान श्री पुरस्कार - विज्ञान और प्रौद्योगिकी में विशिष्ट योगदान के लिए

विज्ञान टीम पुरस्कार - तीन या अधिक वैज्ञानिकों/शोधकर्त्ताओं/नवप्रवर्तकों की टीम को, जिन्होंने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक टीम में काम करते हुए असाधारण योगदान दिया है।

Q. 2: हाल ही में यूट्यूब पर सबसे तेज़ 10 लाख सब्सक्राइबर्स का नया वर्ल्ड रिकॉर्ड किस फुटबॉलर ने बनाया है? Recently which footballer has created a new world record of fastest 10 lakh subscribers on YouTube?

a. लियोनेल मेसी

b. सुनील छेत्री

c. क्रिस्टियानो रोनाल्डो

d. किलियन एम्बाप्पे

Answer: c. क्रिस्टियानो रोनाल्डो

पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने यूट्यूब पर सबसे तेज एक मिलियन यानी 10 लाख सब्सक्राइबर्स का नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है।

चैनल पर एक दिन से भी कम समय में 13 मिलियन (1.3 करोड़) से अधिक सब्सक्राइबर्स हो चुके हैं।

यूट्यूब 10 लाख सब्सक्राइबर वाले चैनल को गोल्ड बटन भेजता है और रोनाल्डो के चैनल ने 90 मिनट में ही यह मार्क पार कर लिया था।

रोनाल्डो के 'एक्स' प्लेटफॉर्म पर 112.5 मिलियन (11.25 करोड़), फेसबुक पर 170 मिलियन (17 करोड़) और इंस्टाग्राम पर 636 मिलियन (63.6 करोड़) फॉलोअर्स हैं।

रोनाल्डो दुनिया के सबसे अधिक कमाई करने वाले एथलीट है।

Q. 3: लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में पहली बार महिला टेस्ट मैच कब खेला जाएगा? When will the first women's test match be played at Lord's Cricket Stadium?

a. 2024

b. 2025

c. 2026

d. 2028



Answer: c. 2026

लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में पहला महिला टेस्ट मैच वर्ष-2026 में भारत और इंग्लैंड के बीच खेला जाएगा।

Q. 4: हाल ही में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कब मनाया गया? When was National Space Day celebrated recently?

a. 20 अगस्त

b. 21 अगस्त

c. 22 अगस्त

d. 23 अगस्त

Answer: d. 23 अगस्त

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 2024 की थीम - चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना: भारत की अंतरिक्ष गाथा (Touching Lives while Touching the Moon: India's Space Saga)

Q. 5: हाल ही में एक्स (X) ने किस देश में अपना परिचालन "तुरंत प्रभाव से" बंद करने की घोषणा की है? Recently, X has announced to close its operations in which country "with immediate effect"?

a. भारत

b. ब्राजील

c. जापान

d. दक्षिण अफ्रीका

Answer: b. ब्राजील

Q. 6: हाल ही में किस देश ने वर्ष 2025 से अनिवार्य सैन्य सेवा लागू करने की घोषणा की है? Which country has recently announced to implement compulsory military service from the year 2025?

a. सर्बिया **b. हंगरी**

c. क्रोएशिया **d. पोलैंड**

Answer: c. क्रोएशिया

क्रोएशिया अगले साल 1 जनवरी से दो महीने की अनिवार्य सैन्य सेवा फिर से शुरू करेगा

Q. 7: 'टाइम्स नाउ हेल्थ' द्वारा पूरे उत्तर भारत का नंबर 1 कैंसर हॉस्पिटल किसे चुना गया है? Which hospital has been selected as the No. 1 cancer hospital in entire North India by 'Times Now Health'?

a. अपोलो हॉस्पिटल

b. एम्स, दिल्ली

c. भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल, जयपुर

d. फोर्टिस हॉस्पिटल

Answer: c. भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल, जयपुर

Q. 8: हाल ही में लुसाने डायमंड लीग में नीरज चोपड़ा ने कौनसा स्थान प्राप्त किया है? Which position has Neeraj Chopra achieved in the Lausanne Diamond League recently?

a. पहला

b. दूसरा

c. तीसरा

d. चौथा

Answer: b. दूसरा

नीरज चोपड़ा ने लुसाने डायमंड लीग में सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 89.49 मीटर का थ्रो किया और दूसरे स्थान पर रहे।

पहला स्थान – एंडरसन पीटर्स (ग्रेनेडा) ने 90 मीटर से अधिक का थ्रो फेंका

Q. 9: हाल ही में किस देश में भगवान हनुमान की 90 फीट ऊंची प्रतिमा 'स्टैचू ऑफ यूनियन' की प्राण प्रतिष्ठा की गई? In which country was the 90 feet high statue of Lord Hanuman 'Statue of Union' consecrated recently?

a. भारत

b. अमेरिका

c. इंग्लैंड

d. कनाडा

Answer: b. अमेरिका

अमरीका के टेक्सास प्रांत के ह्यूस्टन में भगवान हनुमान की 90 फीट ऊंची प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

Q. 10: हाल ही में किस राज्य ने 'मुख्यमंत्री बाल पौष्टिक आहार योजना' शुरू की है? Which state has recently launched 'Chief Minister Bal Poshtik Aahar Yojana'?

a. राजस्थान

b. उत्तराखंड

c. हिमाचल प्रदेश

d. पंजाब

Answer: c. हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश ने स्कूली बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए 'मुख्यमंत्री बाल पौष्टिक आहार योजना' शुरू की।

यह योजना मौजूदा मध्याह्न भोजन योजना की पूरक होगी और सरकारी स्कूलों में बच्चों को पौष्टिक भोजन प्रदान करने के लिए बनाई गई है।

Q. 11: हाल ही में आईसीसी ने महिला टी-20 विश्व कप के नौवें संस्करण को किस देश से संयुक्त अरब



अमीरात स्थानांतरित किया है? Recently ICC has shifted the ninth edition of Women's T20 World Cup from which country to United Arab Emirates?

a. भारत

b. श्रीलंका

c. बांग्लादेश

d. पाकिस्तान

Answer: c. बांग्लादेश

Q. 12: हाल ही में टी-20 इंटरनेशनल के एक ओवर में सबसे अधिक रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड कितने रन के साथ टूटा है? Recently the world record of scoring the most runs in one over of T-20 International was broken with how many runs?

a. 30

b. 36

c. 39

d. 33

Answer: c. 39

टी-20 वर्ल्ड कप क्वालिफायर में समोआ और वानुआतू के बीच हुए मैच के दौरान यह रिकॉर्ड बना।

डेरियस विसर ने टी-20 वर्ल्ड कप क्वालिफायर मुकाबले में वानुआतू के गेंदबाज नलिन निपिको के ओवर में 6 गेंदों पर 6 छक्के लगाए।

इस ओवर में 3 नो बॉल भी शामिल थीं जिससे एक ओवर में सबसे ज्यादा 39 रन का नया रिकॉर्ड बन गया।

Q. 13: ग्लोबल फूड एंड ड्रिंक्स रिपोर्ट 2024 में किसे दुनिया का सबसे मजबूत फूड ब्रांड बताया गया है? Who has been named as the world's strongest food brand in the Global Food and Drinks Report 2024?

a. नेस्ले

b. प्रियागोल्ड

c. अमूल

d. कैडबरी

Answer: c. अमूल

ब्रांड फाइनेंस की ग्लोबल फूड एंड ड्रिंक्स रिपोर्ट 2024 में अमूल को दुनिया का सबसे मजबूत फूड ब्रांड बताया गया है।

रेटिंग - AAA+ रेटिंग

Q. 14: संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर पहली संविधान अकादमी की स्थापना किस संस्था के द्वारा की जाएगी? Which institution will establish the first Constitution Academy on the 75th anniversary of the Constitution?

a. जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय

b. दिल्ली विश्वविद्यालय

c. ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी

d. अमिटी विश्वविद्यालय

Answer: c. ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी

भारत के पहले संविधान संग्रहालय, "संविधान अकादमी और अधिकार और स्वतंत्रता संग्रहालय" (Constitution Academy and Museum of Rights and Freedoms) का उद्घाटन ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा 26 नवंबर, 2024 को किया जाएगा।

ओ. पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी (जेजीयू) भारत के संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ पर भारत की पहली कॉन्स्टिट्यूशन एकेडमी स्थापित करने जा रही है।

आज का सवाल

Q. वर्तमान में केरल के राज्यपाल कौन हैं?

For pdf,
Join telegram Channel
rwacurrentaffairs